बिहार की पहली खेल अकादमी एवं विश्वविद्यालय

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री ने राज्य की पहली **खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय** का उद्घाटन किया, जो राजगीर में अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर का एक हिस्सा है।

प्रमुख बिंदु

- **अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर** में **एक साथ 24 खेल विधाओं का प्रशिक्षण** दिया जाएगा।
  - खिलाड़ियों को एक ही परिसर में **प्रशिक्षण, आवास और चिकित्सा सुविधाओं** सहित सभी सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी
  - परिसर में एक **मुख्य क्रिकेट स्टेडियम** के साथ-साथ **आठ छोटे स्टेडियम, एक विश्व स्तरीय खेल पुस्तकालय और विभिन्न खेलों के लिये प्रशिक्षण केंद्र** शामिल हैं
  - मुख्य स्टेडियम में लगभग 50,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी, जबकि छोटे स्टेडियमों में 10,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी।
    - इसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, कबड्डी **और कई अन्य खेलों** के लिये सुविधाएँ शामिल हैं।
- सूत्रों के अनुसार राजगीर **नवंबर में छह देशों की** एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप की मेज़बानी करेगा
- राज्य सरकार ने **जुलाई, 2021 में बिहार खेल विश्वविद्यालय** की स्थापना को मंज़ूरी दी।
  - इस विश्वविद्यालय का प्राथमिक उद्देश्य बिहार राज्य में **व्यायाम शिक्षा, खेल विज्ञान, खेल प्रौद्योगिकी, खेल प्रबंधन और खेल प्रशिक्षण के क्षेत्रों में खेल शिक्षा** को बढ़ावा देना है
  - विश्वविद्यालय को **खेलों के लिये एक उच्च-स्तरीय अनुसंधान तथा प्रशिक्षण केंद्र** के रूप में कार्य करने के लिये तैयार किया गया है।

राष्ट्रीय खेल दिवस

- **परिचय:**
  - इस दिन को पहली बार वर्ष **2012 में भारत के राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में नामित और मनाया गया था**
  - राष्ट्र अपने **खिलाड़ियों का सम्मान करते हुए** इस दिन को मनाता है
  - इस अवसर पर राष्ट्रपति **मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार,** द्रोणाचार्य पुरस्कार **और ध्यानचंद पुरस्कार** जैसे खेल पुरस्कार प्रदान करते हैं।
- **महत्त्व:**
  - राष्ट्रीय खेल दिवस का प्राथमिक उद्देश्य **खेलों के महत्त्व और दैनिक जीवन में शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है**
  - भारत सरकार राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये विभिन्न कार्यक्रम, आयोजन, सेमिनार आदि आयोजित करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-s-first-sports-academy-and-university